# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9-4-25 | 5 | 1-4 |

• अनुसंधान निदेशक ने राजस्थान की कंपनी के साथ एमओयू किया साइन

# एचएयू का मूंग किस्मों को बढ़ावा देने को समझौता

भास्कर न्यूज | हिसार



हकृवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज वैज्ञानिकों की टीम के साथ

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से विकसित मूंग की उन्नत किस्मों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसको देखते हुए विश्वविद्यालय ने तकनीकी व्यवसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान की स्टार एग्री सीड्स कंपनी से दो समझौते किए हैं। इनके तहत कंपनी मूंग की दो किस्में एम एच 1762 और एम एच 1772 का बीज तैयार कर किसानों तक पहुंचाएगी।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इन किस्मों को ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचाने के लिए अन्य राज्यों की कंपनियों से समझौते किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से समझौते पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए। कंपनी की ओर से डॉ. विक्रांत खरे ने हस्ताक्षर किए। उनके साथ आशीष सिंह भी मौजूद रहे।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने बताया कि अब कंपनी विवि को लाइसेंस फीस देगी। इसके बाद उसे बीज उत्पादन और विपणन का अधिकार मिलेगा। इससे किसानों को उन्नत किस्म का बीज आसानी से मिलेगा। डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि एम एच 1762 और एम एच 1772 किस्में पीला मोजैक और अन्य रोगों के प्रति प्रतिरोधी हैं। एम एच 1762 को बसंत और ग्रीष्म काल में उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्रों में बोया जाता है। एम एच 1772 को खरीफ में उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्रों में काश्त के लिए मंजूरी मिली है। एम एच 1762 करीब 60 दिन में और एम एच 1772 लगभग 67 दिन में पककर तैयार हो जाती है।

इनके दाने चमकीले हरे और मध्यम आकार के होते हैं। दोनों किस्में मौजूदा किस्मों से 10 से 15 प्रतिशत अधिक पैदावार देती हैं। एम एच 1762 की औसत उपज 14.5 क्विंटल और एम एच 1772 की 13.5 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। बेहतर प्रबंधन से इनसे और भी अच्छे परिणाम मिलते हैं। समारोह में विवि की ओर से ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. सुरेंद्र पाहुजा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय से डॉ. रेणु मुंजाल, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. अनुराग, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, पौध प्रजनन विभागाध्यक्ष डॉ. गजराज दहिया, दलहन अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश यादव, डॉ. रविका और डॉ. उमा देवी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 9-4-25 | 10 | 2-5 |

# हकृवि के सात विद्यार्थियों का प्राइवेट सेक्टर में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें टाफे में 4 तथा एस्कॉर्ट कुबोटा में 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि विश्वविद्यालय में विश्व स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों का कैरियर, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने के लिए कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी में विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। एस्कॉर्ट में चयनित विद्यार्थियों को 5 लाख रुपये वार्षिक जबकि टाफे में चयनित विद्यार्थियों को 6 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। टाफे में जोनी, प्रद्युम्न बिश्नोई, हर्षित गोयल तथा सुदीप का चयन हुआ है। इसी प्रकार एस्कॉर्ट में आकाश मौर्य, प्रशांत और कोमल दहिया का चयन हुआ है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को बुलाने के निरंतर प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।



हिसार। चयनित विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 9-4-25 | 4 | 7-8 |

## हकृवि के सात विद्यार्थियों को मिली निजी कंपनियों में नौकरी



हकृवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ • जागरण

**जासं • हिसार** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत टाफे व एस्कार्ट कुबोटा कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इसमें टाफे में तीन तथा एस्कार्ट कुबोटा में तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय में विश्व स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों का करियर, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने हेतु कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के आधार पर करियर के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। गौरतलब है कि टाफे व एस्कार्ट कुबोटा कंपनी में विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। एस्कार्ट में चयनित विद्यार्थियों को 5 लाख रुपए वार्षिक जबकि टाफे में चयनित विद्यार्थियों को 6 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9-5-25 | 3 | 7-8 |

## एचएयू के सात विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें 7 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने विद्यार्थियों को बधाई दी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि जोनी, प्रद्युम्न बिश्नोई, हर्षित गोयल, सुदीप, आकाश मौर्य, प्रशांत और कोमल दहिया का चयन हुआ है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, सह छात्र कल्याण निदेशक (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल उपस्थित रहे। ब्यूरो

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9-4-25 | 5 | 1-2 |

# एचएयू के सात विद्यार्थियों का प्राइवेट सेक्टर की कंपनी में किया गया चयन



**हिसार|** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें टाफे में 4 तथा एस्कॉर्ट कुबोटा में 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों को कहा विश्वविद्यालय में विश्व स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों का करियर, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने हेतु कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी में विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। एस्कॉर्ट में चयनित विद्यार्थियों को 5 लाख वार्षिक जबकि टाफे में चयनित विद्यार्थियों को 6 लाख का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 08.04.25 | -- | -- |

# हकृवि के सात विद्यार्थियों का प्राइवेट सैक्टर में चयन



**चिराग टाइम्स न्यूज**

**हिसार** - चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें टाफे में 4 तथा एस्कॉर्ट कुबोटा में 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि विश्वविद्यालय में विश्व स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों का कैरियर, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने हेतु कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के आधार पर कैरियर के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

गौरतलब है कि टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी में विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। एस्कॉर्ट में चयनित विद्यार्थियों को 5 लाख रुपए वार्षिक जबकि टाफे में चयनित विद्यार्थियों को 6 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। टाफे में जोनी, प्रद्युम्न बिश्नोई, हर्षित गोयल तथा सुदीप का चयन हुआ है। इसी प्रकार एस्कॉर्ट में आकाश मौर्य, प्रशांत और कोमल दहिया का चयन हुआ है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पांच बजे न्यूज | 08.04.25 | -- | -- |

# कैंपस प्लेसमेंट में हकृवि के सात विद्यार्थियों का हुआ चयन



**पांच बजे न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें टाफे में 4 तथा एस्कॉर्ट कुबोटा में 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि विश्वविद्यालय में विश्व स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों का कैरियर, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने हेतु कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के आधार पर कैरियर के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। गौरतलब है कि टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी में विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। एस्कॉर्ट में चयनित विद्यार्थियों को 5 लाख रुपए वार्षिक जबकि टाफे में चयनित विद्यार्थियों को 6 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। टाफे में जोनी, प्रद्युम्न बिश्नोई, हर्षित गोयल तथा सुदीप का चयन हुआ है। इसी प्रकार एस्कॉर्ट में आकाश मौर्य, प्रशांत और कोमल दहिया का चयन हुआ है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को बुलाने के निरंतर प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, सह छात्र कल्याण निदेशक (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 08.04.25 | -- | -- |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें टाफे में 4 तथा एस्कॉर्ट कुबोटा में 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि विश्वविद्यालय में विश्व स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों का कैरियर, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने हेतु कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के आधार पर कैरियर के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

गौरतलब है कि टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी में विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। एस्कॉर्ट में चयनित विद्यार्थियों को 5 लाख रुपए वार्षिक जबकि टाफे में चयनित विद्यार्थियों को 6 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। टाफे में जोनी, प्रद्युम्न बिश्नोई, हर्षित गोयल तथा सुदीप का चयन हुआ है। इसी प्रकार एस्कॉर्ट में आकाश मौर्य, प्रशांत और कोमल दहिया का चयन हुआ है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को बुलाने के निरंतर प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।